**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Issue regarding provision of electricy connection for installing tubewells in Uttar Pradesh.

**श्री देवेन्द्र सिंह 'भोले' (अकबरपुर):** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य प्रहर में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय**,** हमारे देश के माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी जहां किसानों को स्वावलम्बी बनाने के लिए हर तरीके से प्रयास कर रहे हैं, वहीं विगत यू**.**पी**.**ए**.** सरकार की गलतियों के कारण मैं आपका ध्यान अपने क्षेत्र की ओर ले जाना चाहता हूं।

महोदय, मैं कानपुर नगर और कानपुर देहात में विद्युत के संबंध में आपसे कहना चाहता हूँ कि जो किसान अपना प्राइवेट ट्यूबवेल लगाता है, उन ट्यूबवेलों को तीन-तीन साल तक सामान नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण यह पता नहीं लगता है कि उसका लक्ष्य पूरा हो गया है। इस संबंध में जब मैंने विभागीय अधिकारियों और उनके प्रबंध निदेशक से बात की तो उन्होंने कहा कि चूंकि एक साल में 35 हजार का लक्ष्य है और 45 हजार हमारी पेंडेंसी बाकी है। इस तरीके से तमाम किसानों की सिंचाई का नुकसान हो रहा है। इसलिए, आपसे निवेदन है कि आप इस विषय में हस्तक्षेप कर किसानों की समस्या को दूर करने का कष्ट करें।

दूसरा, सौभाग्य योजना के तहत डीडीजेएवाई के बारे में सौभाग्य-1 और सौभाग्य-2 का जो लक्ष्य रखा था, आज भी सौभाग्य योजना के तहत कई लक्ष्य अधूरे हैं। इसके संबंध में हमने विगत महीने कानपुर नगर और कानपुर देहात के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करके उनसे कहा कि अगर कोई छूट गया है तो उनको भी सौभाग्य-3 में शामिल किया जाए और किसी भी गाँव एवं बसावट को नहीं छोड़ा जाए।

महोदय, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूँ कि इन समस्याओं पर ध्यान देते हुए कार्य को पूर्ण कराने की कृपा की जाए।

**माननीय अध्यक्ष:**

डॉ. सुजय विखे पाटील को श्री देवेन्द्र सिंह 'भोले' द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।